[श्री भारत सिंह चौहान]

है भले ही आप कितनी अच्छी योजन यें बनायें । अनुभव से जब हम इन योजनाओं को देखते हैं तो यह लगता है कि उनका दुरुपयोग ही किया जाता है, कोई लाभ नहीं मिलता है ।

आप एक तरफ पब्लिक सेक्टर को बढ़ा रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ प्राइवेट सेक्टर को समाप्त कर रहे हैं, उनके सारे इन्सेंटिव्ज को खत्म कर रहे हैं । आज आपका जिस तरह का शासन है उसका एक आदर्श हमारे सामने मौजूद हैं कि सेंकड़ों मिलें बेकार पड़ी है और बन्द हो रही हैं । छोटे छोटे उद्योग-धंधे ठप्प हो रहे है आप की इन नीतियों के कारण । जिस तरह से आप पब्लिक सैक्टर की तरफ ध्यान देते हैं उस तरह से निजी सैक्टर की तरफ नहीं देते हैं । बल्कि उसको आप डिसकरेज करते हैं । इसका नतीजा यह होता है कि छोटे छोटे उद्योग धंधे जो हमारे देश में लाखों और हजारों की तादाद में बढ़ने चाहियें, नहीं बढ़ रहे हैं । देश में मिलें बन्द पड़ी हैं और हजारों लाखों मजदूर बेकार हैं । इस प्रकार के अनुभव हम को रात दिन हो रहे हैं । इसलिए मैं शासन को चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर उसने समय की सीमा बाँधकर हमारे देश की बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं किया तो इसके जो नतीजे होंगे वे खतरनाक होंगें । इस वास्ते एक निश्चित अवधि के भीतर उसको इस समस्या को हल करने की घोषणा करनी चाहिये ।

I beg to move for leave to withdraw the Constitution (Amendment) Bill.

MR. CHAIRMAN : Before taking up this motion, I have to dispose of the amendment moved by Shri Daga. I find that he is not here. I will now put his amendment to the vote of the House.

*Amendment No. 1 was put and negatived.*

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to withdraw the Constitution (Amendment) Bill."

*The motion was adopted.*

SHRI BHARAT SINGH CHAUHAN : I withdraw the Bill.

*The Bill was, by leave, withdrawn.*

---

**17.30 hrs.**

## CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL

(*Insertion of New Article 16A*) by Dr. Karni Singh

DR. KARNI SINGH (Bikaner) : I beg to move :

"That the Bill further to amend the Constitution of India, be taken into consideration."

I would like to speak in support of my Constitution (Amendment) Bill No. 13, which tries to bring about an amendment of the fundamental rights chapter by inserting a new clause 16A, which would read :

"16A. (1) All adult citizens shall have the right to work and shall be entitled to adequate means of livelihood.

(2) Failing to procure such livelihood as referred to in clause (1), every citizen shall be entitled to an unemployment allowance to be paid by the State."

A few weeks ago I had the honour once again to move a similar Bill, trying to get free compulsory primary education for the country and to get Parliament to accept old age insurance, help to the poor, to the infirm, old and so on. The Bill that I have introduced is in line with the mood of the House, which was expressed by members from practically every side of the House, when it was mentioned very clearly and in emphatical terms that unless something was done positively to eradicate poverty in this country, to find job for our teeming millions, this country would face revolutionary conditions. I say that in keeping with the very words spoken by the Prime Minister and other Ministers opposite and members of this hon. House as the Constitution 24th (Amendment) Bill yesterday, I commend this Bill to the House with a request that this may please not be taken as a Bill coming from the opposition benches but a

Bill that seeks to get the directive principles of the Constitution implemented.

Articles 39 and 41 of the Directive Principles chapter are very clear on this point. Article I9 reads :

"The State shall, in particular, direct its policy towards securing—

(a) that the citizens, men and women equally, have the right to an adequate means of livelihood."

Similarly, article 41 deals with the right to work. There could be a comment against this Bill that it is trying to seek to make employment justiciable. This was said about my Bill last time too. But I will once again say that there should be no apprehensions in the minds of the ruling party because the Chaper on Fundamental Rights has been amended by our House and very soon, if the threat is carried out, the Supreme Court or and court of justice that wishes to stand up against the stand of Parliament would be impeached. So, I do not think that you need have any fears that the judiciary in future will be able to give this country fair and impartial justice. I am quite sure that the mood of this House in this direction should also be understood. Today, Sir, property has become a dirty word. Tomorrow I have no doubt that liberty would also become a dirty word and very soon impartial justice will also become a dirty word. Each one of these will follow one by one. This is how I feel and I sincerely hope that I am wrong but the hon'ble House will have to consider these matters.

Sir, unemployment has become a scourge in our country, in fact, scourge in all under-developed and under-nourished countries and, I think, a country like India which is trying to become pioneer in the Asian world can at least look at Japan—a sister Asian country who having been destroyed by the atom bomb within a period of twenty years has created jobs for all. They were able to taper off their population at 10 crores and now, I believe, that even Japan wants more people—the reverse of India's situation, In a very short span of twenty years in Japan they completed wiped of unemployment. I have been to Japan many a time and every time I go to Japan there is one thing that I mark—the prosperity of the people and lack of unemployment. And if you want, I am told, in Japan they say with great pride that if a Secretary is required by any firm he must now wait for six months before he can get a good Secretary. In our country if you want to fill a job a thousand people apply for it. That is why I feel that if Japanese can accomplish something surely we can too. It is not that India is in any way second to Japan. Sir, yesterday the Prime Minister and the Minister spoke at such length on the problems of unemployment, the likely revolution unless the fundamental rights chapter was made amendable by Parliament that I have no doubt now that if that particular attitude as we saw in this hon'ble House yesterday is kept in mind that there would be no objection whatsoever to my innocent Bill being accepted by the House.

After all what does it seek to achieve ? It only seeks to achieve that if you fail to give employment to the people which is their fundamental right, which is given in the directive principles of the Constitution, then you must give them unemployment relief.

I understand and I am sure that the same reason will again be given that the country has no funds. We have heard that reason given over and over again. I believe from my estimation that six million people who are unemployed at the rate of Rs. 100/- p.m. per head as unemployment relief will cost a recurring expenditure of Rs. 7,200 crores which will be Rs. 80 crores the share of the Centre and the rest will be borne by the States. I think that this is well within the means of India's ability to pay and certainly with the States chipping in it should become quite easy.

Sir, "Garibi Hatao", we have heard that said over and over again and I am glad that the Prime Minister was honest enough yesterday to say that "Garibi Hatao" was not a short-term programme. It would take some time. But before we think of the long-range programme why not think of the people who are already there in India in the ages where they can work and provide them with employment and provide them with jobs. If you cannot then it is the moral obligation of the State to see—more so of a Welfare State—that those people are given the unemployment allowance or doll as is given in other countries.

Sir, last time when I spoke on my Bill No. 12 some personal remarks were made

[Dr. Karni Singh]

that why was not I as a citizen doing something in this direction ? I told them that I have created a trust of Rs. 5 lakhs myself which took care of matters that came under Bill No. 12. In a very very small way as a citizen I did my duty. I am again once more happy to say that the same trust that I was able to create also takes care of the educated unemployed in my area. I am sure that if people throughout this country were able to in small measures try and help the educated unemployed and the State came up with legislation I am quite sure...

MR. CHAIRMAN : I think you can help them in a big way.

DR. KARNI SINGH : Sir, I did my best as a citizen of India. I created a trust of Rs. 5 lakhs with these objectives in view.

After all, the unemployment problem is a major problem with which every citizen in this country and every political party is concerned ; it is not only the headache of the ruling parting. Therefore, I would appeal to brother citizens in my country to try and chip in in the best way they can to help for eradicating this major problem.

The youth in our country have become restive. I have only to give the examples of veterinary college students coming out, of boys coming out as graduates in medicine and also of those who are in agricultural degree courses. These people and engineers today are facing an extra-ordinary specture of total frustration. How are these young men and women going to be absorbed in this country.

Unless yon solve this problem, you are going to have a Naxalite menace throughout the length and breadth of this country, a menace which you would not be able to control. I can say this with candour, no matter what speeches are made in this House and what election promises are made by the ruling party to the people, that they will not be able to solve this problem. If they do not solve this problem, this country is really in for a revolution. If you want to avoid a resolution of this type, then time has come for all our able-bodied people, who are sitting in positions of power today, to get round the table, invite the Opposition Members from all parties and try and find out a solution to this major problem so that we can go ahead with the task of building a great country.

The total utilization of manpower is essential. I know that in a democracy it is not entirely easy, In Communist countries, like China, I believe, it is much easier, because a man is a number ; he can be posted to a job anywhere and he cannot say, "No". But India is still a free country ; it may still remain a free country for another two or three years. That is my estimation. I hope, I am wrong. I always mention that. I sincerely hope, I am wrong.

AN HON. MEMBER : You will be glad to be wrong.

DR. KARNI SINGH : I will be very happy to be wrong because I believe that India should remain in democratic and a free country. But these trends, if not grappled with, are going to cause a problem for which not only we but our generations to come are going to pay.

There is a very famous saying : You can fool some people for all the time and all the people for some time but not all the people all the time. I feel that this applies very, very correctly to the situation as it exists today in our country. The lip service that was paid to poverty, unemployment and hunger yesterday, during the debate on the Constitution (24th Amendment) Bill – I will say, I almost began to believed that the Government genuinely believe to do so. But if a simple Bill like this that seeks to give millions of people unemployment relief is not accepted by this House in the same way as my Bill that sought to get primary compulsory education, old age insurance, help to the blind, the infirm and the poor accepted. if that be the case and if this Bill meets the same fate as my last Bill met, then I will say that this party and the hon, Prime Minister are only paying lip service. If they are genuinely serious, then I would like to see, in following up what was said yesterday, that either the Government comes out with a Bill of their own or accept this Bill, to make sure that all those people who cannot be provided with jobs are given unemployment allowance or dole.

With that I request that my Bill be taken into consideration.

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That the Bill further to a mend the Constitution of India, be taken into consideration."

SHRI M. C. DAGA (Pali) : I beg to move :

"That the Bill further to amend the Constitution of India, be referred to a Select Committee consisting of 9 members namely :

Shri Chhutten Lal, Shri Hiralal Doda, Shri R. K. Khadilkar, Choudhari Tayyab Husain Khan, Shri Nathuram Mirdha, Shri Naval Kishore Sharma, Dr. H. P. Sharma, Shri S. N. Singh, and Shri Ram Chandra Vikal ;

with instructions to report by the first day of the next session." (1)

सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने देश में बेकारी को दूर करने का बहुत सरल तरीका निकाला है, अर्थात् कांस्टीट्यूशन में एमेंडमेंट कर दी जाये । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि कांस्टीट्यूशन के डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज में पहले से ही यह बात मौजूद है कि बेकारी को मिटाने के लिए स्टेट को सब कदम उठाने चाहिए । मुझे इस बिल से यह खतरा महसूस होता है कि अगर सरकार अनएम्पलायमेंट एलाउंस देना शुरू कर देगी, तो बहुत से लोग जान-बूझ कर काम नहीं करेंगे । आखिर आदमी को काम करने के लिये इन्निशियेटिव भी तो लेना चाहिये । अभी भी काम करने के मौके हैं, लेकिन कई लोग काम नहीं करना चाहते हैं । अगर किसी को सब सुविधायें मिल जायें तो बुढ़ापा अपने आप उस पर आ जायेगा । अगर सरकार कह दे कि घर बैठे तनख्वाह मिलेगी, तो बहुत से लोग काम करना पसन्द नहीं करेंगे । इस लिए ऐसा कानून नहीं बनाया जाना चाहिये ।

समाज कल्याण विभाग में यह व्यवस्था है कि जो व्यक्ति कमा नहीं सकता है, अपना निर्वाह नहीं कर सकता है, उसको सरकार पेन्शन देगी । राजस्थान में जो लोग काम नहीं कर सकते हैं, उनको लगभग अठारह लाख रुपया सालाना दिया जाता है । हमारे यहां के लोग इतनी हार्डी हैं कि दुर्भिक्ष के समय रोजी के लिए मीलों दूर जाते हैं । मैंने रीडर्ज डाइजेस्ट में एक घटना वृत्तान्त पढ़ा था । एक लड़के को उसके बाप ने इन्टरमीडिएट तक की शिक्षा दे दी । लड़के ने सोचा कि बाप के पास बहुत दौलत है । उसने कहा कि मुझे आगे पढ़ना है । बाप ने इन्कार किया और उसको घर से निकाल दिया । वह लड़का घर से निकल गया और मेहनत करते-करते बड़ा भारी रेडियालोजिस्ट बन गया ।

मेरा कहना यह है कि आदमी को इतनी सुविधायें नहीं देनी चाहिये कि वह आराम-पसन्द हो जाये । अगर आदमी को यह मालूम हो जाये कि सरकार मेरे लिए सब कुछ करेगी, तो उसके लिए काम करने का कोई इनसेन्टिव नहीं रहता है । मैं यह मानने के लिये तैयार हूँ कि जो बेरोजगार हैं, जो काम करना चाहते हैं, उनको काम दिया जाये । आज देश में जो इतनी विषमता है, उससे राजा-महाराजाओं का भी हृदय पिघल गया है । महात्मा बुद्ध ने संसार क्यों छोड़ा । वह राजकुमार थे, लेकिन जब उन्होंने गरीबों की करुणाजनक हालत देखी, तो उन्होंने राज छोड़ दिया ।

**डा० कर्णी सिंह :** यह तो एटामिक युग है । अब तो आर्टिफिशल रेन भी ला सकते हैं ।

**श्री मूलचन्द डागा :** आर्टिकल 41 और 43 में दिये गये निर्देशों के अनुसार सरकार देश में बेकारी को दूर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन वह सब बेकार लोगों को भत्ता दे, वह कोई आसान बात नहीं है ।

**डा० कर्णी सिंह :** दूसरे देश कैसे करते हैं ? अमरीका और इंगलैंड में डोल देते हैं ।

**श्री मूलचन्द डागा :** यहां भी देते हैं लेकिन कई लोग काम करना पसन्द नहीं करते हैं । मैंने

[श्री मूल चन्द डागा]

स्वतंत्र पार्टी का चुनाव घोषणापत्र नहीं पढ़ा है। शायद उसने कहा हो कि हम सब लोगों को दे देंगे। लेकिन जनसंघ की तरफ से "हर हाथ को काम और हर खेत को पानी" का नारा जरूर लगाया गया था। मैंने उस समय भी कहा था कि जो लाखों बीधे रेगिस्तान है, उसको पानी कैसे दिया जा सकता है। माननीय सदस्य चाहते हैं कि वह बाहर यह कह सकें कि उन्होंने पार्लियामेंट में हर एक बेकार आदमी को सरकार की तरफ से भत्ता दिये जाने की मांग की थी। उन्हें यह कहना चाहिये कि सरकार हर एक आदमी को काम उपलब्ध करे।

**डा० कर्णी सिंह** : मैंने दोनों बातें कही हैं। **(व्यवधान)**

**श्री मूलचन्द डागा** : कांग्रेस पार्टी में यह हिम्मत और साहस है। उसमें प्रयास करने की भावना भी है। इसी लिए देश के लोगों ने उस पर विश्वास किया है। और इसी भावना को लेकर हमने कल एक बिल पास किया है और उसके आगे बढ़ना चाहते हैं। आपने उसका विरोध किया था। हम चाहते हैं कि देश की दौलत बढ़े। हजारों और सैकड़ों वर्षों तक यहां गुलामी रही है, राजा महाराजा राज करते रहे हैं। उस गुलामी के बाद यह स्टेट्स जो आज बनी हैं उनमें अशिक्षा थी, हजारों लाखों लोग गुलामों की तरह रहते थे। उनके लिए आप कहते हैं कि इस प्रकार की व्यवस्था कर दो। आपने हजारों वर्षों तक राज किया। आपने अपने समय में क्या किया ? अकाल के दिनों में हमारे यहां राजस्थान के लोगों को मीलों मील दूर जाना पड़ता था और राजा लोग कुछ नहीं करते थे। आज आप ऐसा बिल लाते हैं जिस से पापुलैरिटी गेन हो। लेकिन बिल लाने से पहले आप देश की हालत देखें। कभी-कभी लोग बाहर से कुछ और अंदर से कुछ इस प्रकार की बातें करते हैं। मैं कहता हूं जब प्रिवी पर्स का मामला आया तो आप खड़े हो कर कहते कि हम राजाओं की इतनी दौलत इस काम के लिये दे रहे हैं। कौन म ा करता था ? लेकिन आप तो इस रुपये को लेकर इस प्रयास में लगे हुये हैं कि हम गरीबों को ऊपर नहीं आने देंगे और यहां इस प्रकार बिल लाते हैं। गवर्नमेंट तो चाहती है कि वह प्रयास करे और देश के लोग आगे बढ़ें। इसीलिये आर्टिकिल 41 में जो निर्देश हैं उसमें सरकार का यह परम कर्त्तव्य है और कल्याणकारी जो समाज है उसमें काम क्या कर रहा है समाज ? उसने लाखों और करोड़ों रुपया लगा कर गरीबों को उठाया है।...**(व्यवधान)**...मैं यह कह रहा हूँ कि यह डोल देने की बात मैं नहीं मानता। मैं तो यह चाहता हूं कि काम उपलब्ध होना चाहिये। इस तरह की जो बात है वह तो मैं मानता हूं ..**(व्यवधान)**...मैं यह कह रहा हूँ कि काम के जो साधन हैं वह बढ़ाए जाएं, लोगों को काम उपलब्ध किया जाय, यह बात मैं मानता हूं। लेकिन मैं इस बात को ठीक नहीं समझता कि डोल दिया जाय। मैं इसके विरोध में हूं।

**श्री राम सहाय पांडे** (राजनंदगांव) : सभापति महोदय, डा० कर्णी सिंह इस प्रस्ताव के जहां तक उद्देश्य का सम्बन्ध है बड़ा सुन्दर है। लेकिन मैं एक बात देखता हूं। आपने अपने प्रस्ताव के माध्यम से यह चाहा है कि मौलिक अधिकारों में परिवर्तन करें और बेकारी की समस्या को उससे जोड़ कर फंडामेंटल राइट्स में उसको रख दें। उसके लिए हम 7 हजार 2 सौ करोड़ का प्रावधान करें और 100 रुपया प्रति व्यक्ति को दें। यह सुनने में तो बड़ा अच्छा लगता है और हो भी जाय तो बड़ा अच्छा है। लेकिन पहला प्रश्न यह आता है कि यह 7 हजार 2 सौ करोड़ कहां से आएगा ? और दूसरी बात यह है कि यह तो उसी तरह की बात है कि जैसे भिक्षां देहि जब विद्यार्थी

पुकारा करते थे हम चुटकी भर आटा। उनको दे देते थे भोजन करने के लिए। अगर आप काम का आह्वान करें, काम दिलाएं, उनके अंदर रोटी अर्जन करने की प्रवृत्ति पैदा करें, तो वहां तक तो ठीक है। लेकिन अगर वह बेकार हैं और उनको सौ रुपये आप दें और उसके लिये 7 हजार 2 सौ करोड़ का प्रावधान करें, यह करना कठिन होगा। फिर सौ रुपये जिसे बिना काम किये मिलेगा वह काम क्यों करना चाहेगा ? आज तो काम करने वाले को भी सौ रुपये प्रतिमास की आमदनी नहीं होती है तो बगैर काम किये सौ रुपये आप देंगे तो एक बड़ी भारी आर्मी आप खड़ी कर देंगे उन लोगों की। वह काम करने से हटेंगे, उनकी काम करने की प्रवृत्ति कुंठित होगी।

फिर 7 हजार 2 सौ करोड़ का प्रावधान हो जाय तो हम तो अपने मंत्री जी से कहेंगे कि इसको फंडामेंटल राइट में जोड़ दीजिये और हमारा एक डाक्ट्रिन प्रिंसिपल बन जाय कि हम उनको यह रुपये देंगे। लेकिन मैं आप से कहता हूं, इसका भी आपके पास प्रावधान है, आप अपनी आंटी से कहिये, ग्वालियर की महारानी से कि जो गड़ा हुआ धन है जाने कब से गड़ा हुआ है, उसमें से इसका प्रावधान कर दें... **(व्यवधान)**...

**डा० कर्णी सिंह** : हमारी आंटी तो इंदिरा गांधी भी हैं।

**श्री राम सहाय पांडे** : उनके पास जो पैसा है वह तो जनता का है। आपकी एक आंटी महारानी ग्वालियर हैं, दूसरी आंटी राजमाता जयपुर हैं...**(व्यवधान)**...

**डा० कर्णी सिंह** : तीसरी महारानी इंदिरा गांधी हैं।

**श्री राम सहाय पांडे** : ठीक है, वह तो जितनी संपत्ति उनके पास है वह तो जनता की सेवा में समर्पित है।

और फिर एक तीसरी आंटी आपकी राजमाता जोधपुर हैं। अगर इन तमाम आंटियों को इकट्ठा कर लें और उनको कहें कि मैंने यह प्रस्ताव रखा है सदन में, 7 हजार 2 सौ करोड़ की बात कही है, चलिये हब सब मिल कर कान्कार्ड से कहें कि एक फंडामेंटल राइट में तो हम फेल हो गये, कम से कम इस फंडामेंटल राइट में हम फेल न हों और यह फंडामेंटल राइट हमारा बन जाय। मैं कहता हूँ कि 7 हजार 2 सौ करोड़ का प्रावधान पाँच वर्ष का आप कर दीजिए। उसके बाद छठे वर्ष हम कर लेंगे। यह 7 हजार 2 सौ करोड़ आप उनसे दिला दीजिये। हम आपके साथ हैं। हम यह कहेंगे कि आप बड़े देशभक्त हैं, नौजवानों को काम दिलाना चाहते हैं। इसको कर दिया जाय, और इसे अमेंड करके उसमें रख दिया जाय। लेकिन यह बात कहना आसान है करना कठिन है।

दो पड़ोसी थे, एक दूसरे से बड़ी ईर्ष्या रखते थे। एक के घर बच्चा पैदा हुआ। उसने कहा कि इसका नाम क्या रखें ? दूसरे ने कहा कि इसका नाम रख दो पृथ्वीपाल। उसने पूछा पृथ्वीपाल क्यों रख रहे हैं ? तो उसने कहा कि जिन्दगी भर भूखों मरेगा। जहां जायेगा कहेगा कि मैं भूखा हूं तो लोग कहेंगे कि नाम तो है पृथ्वीपाल और भूखों मर रहा है। तो वही हाल आप देश का करना चाहते हैं। संविधान में परिवर्तन करना चाहते हैं और फंडामेंटल राइट्स में इसको रखना चाहते हैं। 7 हजार दो सौ करोड़ का बोझा हमारे सिर पर देना चाहते हैं। लड़के का नाम पृथ्वीपाल रख कर उसे भूखों ही मारना चाहते हैं।

एक भिखारी था बेचारा। वह गया महाराजा कर्णी सिंह जैसे किसी आदमी के पास और उसने कहा कि मैं भूखा हूं, मुझे रोटी दे दो। उसने कहा कि जाओ जाओ, रोटी नहीं है। उसने कहा कि पैसा दे दो। उसने कहा कि जाओ जाओ, पैसा नहीं है। फिर उसने कहा कि कपड़ा दे दो पहनने के लिये। उसने कहा कि जाओ जाओ, कपड़ा नहीं है। तब उसने

[श्री राम सहाय पाण्डे]

कहा कि फिर तुम भी आ जाओ, हम दोनों भीख माँग कर खा लेंगे। इस तरह की बात आप देश में करना चाहते हैं: हमारे साधन सीमित हैं। हम देश को आगे ले जाना चाहते हैं। हमने प्रायरिटी फिक्स कर रखी है। हम चाहते हैं कि हमारे साधन गांव तक जाएं। मान लीजिये कि 7 हजार 2 सौ करोड़ का प्रावधान हो जाय तो हम तो चाहेंगें कि हमारी धरती शस्य श्यामला हो, सिंचाई हो, अप्रोच रोड बने स्कूल बनें, लड़के कार्यरत हों। हमारे बालक बुद्धिमान हों, शक्तिशाली हों, श्रमशील हों, और अपनी सामर्थ्य से पैदा कर सकें। यह नहीं कि बेकार हैं और उनको सौ रुपये आप दे दीजिये। यह एक परम्परागत ट्रापिक्ल कंट्री का हाल है, यह भी सुन लीजिये। सर्वाइवल आफ दि फिटेस्ट का एक प्रिंसिपल है। हम क्यों गरीब रह गये। मिनिमम वेज हमारी लाइफ बन गई। थोड़ा सा खाना मिल गया, उतने में ही संतुष्ट हो गये। थोड़ा सा कपड़ा मिल गया, उतना ही पहन कर रह लिए। नहाने को गंगा नदी बह रही हैं, नहा लिया संतुष्ट हो गये। बस हमारा काम पूरा हो गया। जब कि दूसरी जगह क्या हाल है कि सर्दी पड़ रही है, पहनने को ऊनी कपड़े न हों तो मर जाएंगे। खाना अच्छा न मिले तो जीना मुश्किल हो जाय, इसलिए अच्छा कैलोरी का फूड चाहिए। तो हमारे देश की जो परम्परा है उसमें इन नवजवानों को मत फंसाइए। एक सौ रुपये महीने डोल दे कर उनको मत फंसाइये। यह डोल नाम ही बुरा है। यह डोल नाम जो है यह तो भिक्षा वृत्ति है। आप उनको ललकारिये, श्रम की गरिमा, श्रम की प्रतिष्ठा उन को समझाइये। श्रम से उनको मंडित कीजिए। उनके अंदर पौरुष जागृत कीजिए ताकि अपने पैरों पर खड़े हो जाएं। और मैं एक बात कहता हूं, कोई व्यक्ति काम करना चाहे तो काम तो दरवाजे के बाहर पड़ा हुआ है। काम करने वाले चाहिये, काम करने की प्रवृत्ति को जागृत कीजिये। घर के बाहर काम पड़ा हुआ है, काम की कमी नहीं है। पंजाब में बेकारी क्यों नहीं है। इस लिए कि पंजाब में श्रम की गरिमा और महत्ता को जानते हैं, धरती से उनका सम्बन्ध है, लेकिन दूसरे स्थानों पर क्यों नहीं है? इस लिये कि एक स्थान से दूसरे स्थान का जो आचरणात्मक व्यवहार है, उसमें अन्तर है। इसलिये काम पड़ा हुआ है, उसके लिये प्रेरित कीजिये, साधन दीजिये, उनके हाथ बन्द हैं, उनको खोल दीजिये, बुद्धि जो जकड़ गई है, उसको खोल दीजिये, उनके अन्दर स्वरुचि की प्रवृत्ति जाग्रत कर दीजिये और कह दीजिए—

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्तवरान्निबोधगत्।

उठो, जागो, कर्त्तव्य को पहचानो और प्राप्त करो। हां, अगर आप आन्टी से दिला देंगे तो हम भी कहेंगे कि जरूर कर दिया जाय।

MR. CHAIRMAN: This debate will be resumed on the next occasion earmarked for Private Member's Bill.

**18.02 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, August 9, 1971/ Sravana 18, 1893 (Saka).*

Printed at Akashdeep Printers, 20 Daryaganj. Delhi-6.